सार-समाचार

शिक्षक नरेन्द्र ने दस लाख रुपये भेंट किए

जालोर, (निसं)। शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अपने पिता स्वर्गीय नारायण सिंह पुत्र रामसिंह की स्मृति में माता मोहिनी देवी की प्रेरणा से शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में बालक बालिकाओं के प्रोत्साहन के लिए शिक्षण एवं सामाजिक संस्थानों को लगभग दस लाख रुपए की राशि का दान कर अनूठी एवं प्रेरणादायक मिशाल पेश की है। शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि उन्होंने अपने पिताजी साथूं निवासी स्व.नारायण सिंह राजपुरोहित की स्मृति में माताजी मोहिनी देवी की प्रेरणा से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडीजी की विद्यालय की छत के पुन् निर्माण के लिए 125000 रुपए, गोडीजी विद्यालय में 62000 विद्यार्थियों के सामग्री हेतु , 17500 ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में पुरस्कार हेतु , 5100 रुपए स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए, 51000 महावीर मूक बधिर दिव्यांग संस्थान में बालकों के प्रोत्साहन के लिए , 11000 रुपए पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालौर में, 6 लाख रुपए आर्य वीर दल में प्रशिक्षण भवन एवं खिलाडयिों को चांदी के पदक एवं उपकरण के लिए 51000 रुपए डकातरा विद्यालय को, 12100 रुपए की राशि बाकरा रोड विद्यालय को 11000 रुपए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर आठ में, 11000 रुपए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालियों की ढाणी बाकरा रोड , 25000 रुपए की राशि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रानीवाडा काबा को दान की। दानदाता शिक्षक पुरोहित के नेक कार्य के लिए आर्यवीर दल एवं सभी शिक्षण संस्थानों ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।

एलिवेटेड हाईवे निर्माण में ही क्षतिगस्त

सांचोर, (कासं)। सांचौर में नेशनल हाईवे 68 पर बन रहे एलिवेटेड हाईवे के निर्माण के दौरान बरती जा रही लापरवाही के चलते सर्विस रोड पूरी टूटी हुई है। जिसके चलते शहर में ट्रैफिक जाम रहता है। इससे परेशान व्यापारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिसके बाद गुरुवार रात को एसडीएम प्रमोद कुमार, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जितेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एलीवेटेड हाइवे के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान एलिवेटेड हाईवे के पास सर्विस रोड बनाने, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु चलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों ने विद्या इंफ्रा कंपनी के अधिकारियों को सर्विस रोड पर पूरा डामरीकरण करने और सडक पर उड रही मिट्टी के लिए पानी डलवाने के निर्देश दिए। देवजी पटेल ने कहा कि एलिवेटेड हाईवे शहर के बीचों बीच बन रहा है। ऐसे में इसकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सांचोर को जिला निरस्त करने के बाद में पूर्व सांसद देवजी पटेल की पहली प्रतिकिया सामने आई है जिसमें उन्होंने कहा कि वे जिले की पुन: समीक्षा करवाएंगे। देवजी पटेल ने अनुरोध करते हुए कहा कि सांचौर क्षेत्र जालोर जिला मुख्यालय से दूरस्थ होने और वर्तमान की परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए सरकार द्वारा पुन: समीक्षा कर जिला यथावत रखा जाये और समीक्षा किये जाने तक सांचौर मुख्यालय पर प्रशासनिक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) कार्यालय खोलने की जनहित में स्वीकृति प्रदान की जाए।

शिव विधायक का स्वागत किया

रेवदर, (निसं)। करणी सेना जिला अध्यक्ष सुजान सिंह वडवज व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पोसितरा के नेतत्व में शिव बाडमेर विधायक रविंद्र सिंह भाटी का पोसींतरा आगमन पर पोसितरा नगवा फार्म हाउस पर साफा व तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत के बाद उदयपुर भींडर के लिए शिव विधायक रवाना हुए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुजान सिंह वडवज उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पोसितरा, अजीत सिंह निंबोडा, सूरज पाल सिंह पोसितरा, पृथ्वी सिंह जालमपुरा, महेंद्र सिंह जालमपुरा, देवेन्द्र सिंह टोकरा, रणवीर सिंह हरणी अमरापुरा, अर्जुन सिंह सेवाडा, अनोपसिंह वडवज, मनोहर सिंह वडवज, दुर्जन सिंह देवडा, तगेन्द्र सिंह वडवज, दलपत सिंह काबावत, इन्द्र सिंह राजपुत, उतम सिंह, हडमत सिंह सोलंकी, हरी सिंह देवडा रेवदर, ईश्वर सिंह थल, गोविंद सिंह मारोल, शेलेन्द्र सिंह भाटी, भरत सिंह बिका, शिवनाथ सिंह बिका, पपसा जाखडी, नितेश मेवाडा, हिम्मत सिंह केशुआ, धनपाल सिंह, गणपत सिंह पोसितरा, छतर सिंह, अमराराम चौधरी सहित कई जने मौजूद रहे।

यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली

जोधपुर, (कासं) । शहर में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को जोधपुर कमिश्नरेट की यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की पालना करने का संदेश दिया गया। यातायात रैली डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज से रवाना हुई जिसे यातायात पुलिस के अधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें, कार में सीट बेल्ट और दुपहिया वाहनों को चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। यातायात पुलिस कर्मियों ने नशे में वाहन ना चलाने का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने और सडक़ सुरक्षा के प्रावधानों का लागू करने के उद्देश्य से पूरे माह विभिन्न गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए यातायात नियमों की पालना जरूरी है।

लेबर इंस्पेक्टर बनकर ग्रामीण को ठगा

जोधपुर, (कासं) । साइबर ठग ठगी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। खासतौर पर ग्रामीण लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल ने लेबर इंस्पेक्टर बनाकर फाइल पास करवाने की एवज में ठगे गए 25 हजार रुपए की राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि कोसाना निवासी राकेश गहलोत ने साइबर पोर्टल पर रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि ठगों ने उसे लेबर इंस्पेक्टर बनकर फाइल पास करवाने का झांसा दिया। उसके खाते से 25 हजार रुपए निकाल दिए। इस पर साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से संपर्क कर 25 हजार की राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। सेल के कांस्टेबल पुखराज और दयाल सिंह ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने आमजन को साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक रहने की अपील की है। इसके अलावा ओटीपी शेयर नहीं करने, लॉटरी कैशबैक के लालच में नहीं आने, अनजान नंबर से प्राप्त होने वाली वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने की सलाह दी है।

ट्रक का टायर फटने से लगी आग

रेवदर , (निसं)। अनादरा थाने के डबाणी गांव के पास सिरोही मंडार हाईवे पर शुक्रवार अल सुबह चलते ट्रक का टायर फटने से अचानक प्लास्टिक सामान से भरे ट्रक में आग लग गई। आग इतनी भयंकर लगी की चालक व हेल्पर को ट्रक से कूद कर अपनी जान बचानी पड़ी। आग की सूचना अनादर पुलिस को मिलने पर पुलिस मय जाब्ता अल सुबह ही मोके पर पहुंचा। तुरन्त ही पानी के टैंकर मंगवा कर अपने स्तर पर आग लगाने का पूरा प्रयास किया ओर आग को बुझाया गया। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद करीब 1 घंटे पर दमकलकर्मियों की गाड़ी भी मौके पर पहुंची ओर आग पर काबू पाया तब तक ट्रक में लगी आग को पहले ही बुझा दिया गया था । सामान जलकर स्वाहा हो चुका था। हादसे के बाद हाईवे के दोनों तरफ जाम लग गया, जो करीब आधे घंटे के बाद आग बुझाने पर शुरू किया गया।

सावित्रीबाई फूले की जयंती मनाई

जालोर, (कासं)। जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर ने प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती पर श्रद्धांजलि मनाई। जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1841 में महात्मा ज्योतिराव फुले से हुआ था। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योतिराव को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए सावित्रीबाई के संरक्षक, गुरु और समर्थक थे।

मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 7 को

जालोर, (कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 7 जनवरी, मंगलवार को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैङ्कक का आयोजन किया जायेगा । जिसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. कलक्टर) जालोर राजेश मेवाड़ा ने दी।

सांचौर जिला व कार्यों के लिए जालोर नगर परिषद् में हंगामा

जालोर, (कासं)। जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य सचेतक व जिला परिषद सदस्य रामाराम के बीच तीखी नोंक झोंक हो गई। काफी हंगामे के बीच परिषद की संपन्न हुई।

बैठक में सांचौर जिला समाप्त होने व विकास कार्य नही होने पर जिला परिषद सदस्यो ने काफी सवाल जवाब किये। परिषद के सदस्य रामाराम ने मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग को एक साल में उनके क्षेत्र मे विकास कार्य नहीं करवाने को लेकर तीखी नोंक झोंक हो गई। विधायक गर्ग द्वारा बार बार यह कहने पर की हमारी सरकार ने अमुख अमुख कार्य करवाए, पर नाराज परिषद के सदस्य रामाराम ने कहा कि आपकी सरकार के एक साल के कार्यकाल मे कोई कार्य नहीं हुए। किसानों को मुआवजा नहीं मिला , मेरे क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त है, जो आज तक नहीं भरे गये, गौ शालाओं को अनुदान नहीं मिल रहा है, पानी, बिजली सहित कई समस्याओं से क्षेत्र के लोग परेशान है। इस बात को लेकर गर्ग व रामाराम के बीच काफी हंगामेदार बहस हो गई।

वहीं सांचौर जिला समाप्त होने का भी जिला परिषद सदस्य द्वारा विरोध कराने पर रानीवाडा विधायक रतन देवासी ने कहा कि सांचौर जिले मे रानीवाड़ा व बागोड़ा की जनता नहीं जाना चाहती थी, जनता की भावना के अनुरुप चलना पड़ता है।

बीच बीच मे कई बार कार्य नहीं होने को लेकर हंगामा होता रहा। सांसद लुम्बाराम चौधरी के बैठक में नहीं आना चर्चा का विषय बना रहा।

बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार ने विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग से संबंधित सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभाग के अधिकारियों को समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार ने आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। वही जिला परिषद के सदस्यों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के संबंध में प्रश्न के माध्यम से अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि ग्राम पंचायत बिना कार्य पूर्णता के एनओसी जारी नहीं करें।

उन्होंने जल जीवन मिशन पर चर्चा के दौरान सरनाऊ ग्राम पंचायत में नर्मदा परियोजना के बकाया कार्य की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए पाईप चोरी करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की बात कही। जिसके प्रत्युत्तर में पुलिस अधिकारियों ने पाईप चोरी की घटनाओं के खुलासे के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जिले में विद्यालय में पिंक शौचालय के निर्माण के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा ने जिला परिषद की बैठक के एजेण्ड से अवगत करवाया।

इस दौरान रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, सहित जिला परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कार पलटने से एम्स के चार मेडिकल छात्र चोटिल

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के डीपीएस चौराहे के पास शुक्रवार तडक़े करीब तीन बजे एक कार पलट गई। इससे कार सवार जोधपुर एम्स के चार एमबीबीएस स्टूडेंट्स घायल हो गए। इससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात एसीपी छवि शर्मा और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के सब इंस्पेक्टर फगलूराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को एम्स भेजा।

एसआई फगलूराम ने बताया कि तड़के तीन बजे यह घटना हुई। कार में पांच जने सवार थे। ये लोग अपने दोस्त की गाड़ी लेकर निकले थे। इस दौरान डीपीएस चौराहा के पास एक ढाबे के सामने कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इसमें जयपुर निर्माण नगर निवासी नमित जैन, बीकानेर जय नारायण व्यास कॉलोनी निवासी अभयसिंह, न्यू बापू नगर भीलवाड़ा निवासी सुधांशु मीणा पुत्र और चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर निवासी सुरेन्द्र मीणा पुत्र जसराज मीणा घायल हो गए। एक अन्य छात्र महेश कुमार को कोई चोट नहीं आई। उन्होंने बताया कि घायलों में से अभयसिंह व सुरेन्द्र को गंभीर चोटे आई हैं। इनका एम्स के आईसीयू में इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही एम्स के मेडिकल स्टुडेंट बड़ी संख्या में अस्पताल में एकत्र हो गए। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि हादसा किस वजह से हुआ।

घटनास्थल पर पहुंची टीम ने जब कार के कागजात चेक किए तो पता चला कि पुलिसकर्मी के नाम पर रजिस्टर्ड है। जानकारी मिलते ही वहां मौजूद जवान ने फोन किया तो पता चला कि कार पुलिसकर्मी के बेटे के पास रहती है। उसका बेटा तो घर पर था, लेकिन उसके मित्र गाड़ी मांग कर ले गए थे।

पुलिस ने जब दस्तावेज खंगाले तो कार में एनर्जी ड्रिंक की बोतलें भी मिली। कार की जोरदार टक्कर के चलते हाईवे के साइड में लगी हुई रेलिंग पूरी तरह से टूट गई और सीमेंट का ब्लॉक तक टूट गया।

पासिंग आउट परेड के बाद 491 युवा बने वनरक्षक

जोधपुर, (कासं) । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, मंडोर में 119 वीं फॉरेस्ट गार्ड ट्रेनिंग पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। उन्होंने वन रक्षकों की परेड का निरीक्षण किया।

सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले वन रक्षकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर पुरस्कृत किया। शेखावत ने नवोदित फॉरेस्ट गार्ड्स से कहा कि वन्यजीवों के संरक्षण का जो जिम्मा मिला है, जो कर्तव्य के साथ निभाएंगे।

समारोह में शेखावत ने 12 सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त फॉरेस्ट गार्ड बने 491 युवाओं को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज का दिन आपके जीवन में एक नए शुभारंभ का दिन है। मैं इस पूरे बैच को सबसे सौभाग्यशाली मानता हूं, क्योंकि यह ऐसा परिसर है, जिसका नाम स्वर्गीय सुल्तान सिंह साहब से जुड़ा है, जिन्होंने अनुशासन में एक नया बेंचमार्क क्रिएट किया था। उन्होंने कहा कि आपको वन और वन्यजीवों के संरक्षण का जिम्मा मिला है। आपको उस पवित्र धरती पर ट्रेनिंग करने का सौभाग्य मिला है, जो धरती मां अमृता देवी बिश्नोई की धरती है। शायद विश्व में जब पर्यावरण रक्षा की ए.बी.सी भी नहीं जानता था, उस समय पेड़ों की रक्षा के लिए उन्होंने 363 लोगों के साथ प्राणों की आहुति दी थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में जल, जंगल, जमीन और जानवर, जो कुछ भी देता है, उसको देवता की तरह पूजा जाए। ऐसा विधान किया गया, लेकिन कालांतर में जिस तरह से भौतिकवाद और लगातार गुलामी के चलते हुए जिस तरह की परिस्थितियां बनीं, हम अपने इन आदर्शों से दूर हुए।

शेखावत ने कहा कि विश्व के सामने पर्यावरण का संकट खड़ा हुआ है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। विज्ञान की ताकत से हम प्रकृति पर विजय का सपना देखते थे, लेकिन आज वैज्ञानिक सबसे ज्यादा डरे हुए प्रतीत होते हैं। इस संकट का समाधान वन के संरक्षण में छुपा है। पूरा विश्व उस दृष्टिकोण से आगे काम करता हुआ दिखाई देता है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने वन संपदा की रक्षा की दिशा में निर्णय लिए। उसका परिणाम हमें दिखाई देता है। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मां के नाम एक पौधा लगाने का आठाह किया, इससे वृक्षारोपण को लेकर आमजन में उत्साह बढ़ा है।

श्री सुल्तान सिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में जोधपुर की संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, रेंज आईजी विकास कुमार, जिला कलेक्टर गौरव अठावाल, वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक आरके जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

गाय को मिलेगा पौष्टिक आहार

जालोर/आबूरोड, (निसं)। गोमाता के लिए पौष्टिक आहार बनाने को लेकर गोधाम महातीर्थ पथमेडा नए साल में गोसेवा के क्षेत्र ने नए आयाम जोडने जा रहा है। इसके लिए आबूरोड में बनी एक फैक्ट्री का गोधाम महातीर्थ पथमेडा के प्रधान संरक्षक गोऋषि स्वामी दतशरणानन्द महाराज ने अवलोकन किया। मैनेजिंग डायरेक्टर कुणाल बसंत ने बताया कि गोमाता के आहार हेतु गुणवत्तायुक्त पौष्टिक आहार बनाने के लिए समृद्धि देव एग्रो प्राइवेट लिमिटेड में उत्पादन शुरू हुआ है।

जहां सौ टन प्रतिदिन पौष्टिक आहार का उत्पादन होगा। इससे आसपास के क्षेत्र में संरक्षित गोवंश को लाभ मिलेगा। समृद्धि देव एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर कुणाल बसंत ने बताया कि गोधाम पथमेडा का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इस अवसर पर जगन्नाथपुरी के संत अरूपानंद महाराज, गोधाम पथमेडा के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवाराम जागरवाल कैलाश नगर, धनराज चौधरी पूर्व आरएएस, भरतसिंह बसंत एवं बलवंतराज अणखोल उपस्थित रहे।

कार के साथ जेवरात से भरा बैग चोरी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के एम्स अस्पताल गेट संख्या 5 के सामने नो पार्किंग में खड़ी एक कार चोरी हो गई। अज्ञात शख्स कार को ले गया। कार में उसके मालिक क ा एक बैग रखा था और बैग में 14-15 तोला सोने के जेवर भी थे। जो उसके साथ ही चले गए। पीड़ित ने घटना को लेकर बासनी थाने में रिपोर्ट दी है। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति नजर आया, जिसकी पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी शफीक मोहम्मद ने बताया कि नागौर जिले के कुचेरा थानान्तर्गत लुणासर निवासी गणेशराम पुत्र रामजीराम 30 दिसम्बर को अपनी मारूति वैन कार लेकर जोधपुर आया था। यहां बासनी स्थित एम्स अस्पताल में वह किसी परिचित से मिलने गया था। कार को गेट संख्या 5 के सामने नो पार्किंग में खड़ा कर गया था। वापिस लौटा तो कार अपने स्थान पर नहीं मिली। उसने रिपोर्ट में बताया कि कार में उसका एक बैग रखा था जिसमें तकरीबन 14-15 तोला सोने के आभूषण और अन्य दस्तावेज इत्यादि थे।

थानाधिकारी शफीक मोहम्मद के अनुसार आस पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को देखा जा रहा है। एक संदिग्ध दिखा है जोकि कार ले जाते नजर आया है। इसकी पहचान कर तलाश की जा रही है।

8 से 14 जनवरी तक जम्मूतवी जाने वाली ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

जोधपुर, (कासं) । उत्तर रेलवे पर तकनीकी कार्य प्रगति पर होने के कारण जोधपुर से जम्मूतवी की तरफ जाने वाली प्रमुख ट्रेनों का 8 से 14 जनवरी तक संचालन प्रभावित होगा जिसके तहत बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस सात ट्रिप रद्द रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल पर जम्मूतवी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिए जाने के कारण जम्मू की ओर जाने वाली ट्रेनें 8 से 14 जनवरी के मध्य रद्द/आंशिक रद्द रहेगी।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य के कारण ट्रेन 14662,जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस 8 से 14 जनवरी तक जम्मूतवी से तथा ट्रेन 14661,जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस 11 से 17 जनवरी तक आवागमन में 7-7 ट्रिप रद्द रहेगी।

ट्रेन 19223, गांधीनगर कैपिटल-जम्मूतवी एक्सप्रेस 7 से 13 जनवरी तक गांधीनगर कैपिटल से पठानकोट स्टेशनों के मध्य तथा ट्रेन 19224,जम्मूतवी-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस 8 से 14 जनवरी तक पठानकोट से गांधीनगर कैपिटल स्टेशनों के बीच संचालित की जाएगी अर्थात ट्रेन आवागमन में पठानकोट-जम्मूतवी स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी। ट्रेन 19225,भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस 7 से 13 जनवरी तथा 19224,जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस 8 से 14 जनवरी तक आवागमन में जम्मूतवी से पठानकोट स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

ट्रेन 19107,भावनगर-शहीद कप्तान तुषार महाजन एक्सप्रेस साप्ताहिक जो 12 जनवरी को प्रस्थान करेगी वह जालंधर सिटी तक तथा ट्रेन 19108,शहीद कप्तान तुषार महाजन-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस जो 13 जनवरी को प्रस्थान करेगी वह शहीद कप्तान तुषार महाजन की जगह जालंधर सिटी से संचालित होगी अर्थात ट्रेन शहीद तुषार महाजन-जालंधर सिटी स्टेशनों के मध्य आवागमन में आंशिक रद्द रहेगी।

सड़क हादसे में घायल की मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती लूणी तहसील के धिंगाणा गांव में पांच दिन पहले सडक़ हादसे में घायल हुए व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि कड़वासरों का बास गुढाविश्नोईयान निवासी प्रवीण विश्नोई की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उसके पिता भागीरथराम विश्नोई 29 दिसम्बर को बाइक लेकर धिंगाणा गांव की सरहद से निकल रहे थे। तब किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। जिस पर वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अब उनकी मौत हो गई। लूणी पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है।

चमत्कृत दृष्टि से भारत की ओर देख रहा विश्व : शेखावत

जोधपुर, (कासं) । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर सांसद) ने कहा कि भारत ने आर्थिक दृष्टिकोण से जिस गति के साथ में प्रगति की है, पूरा विश्व चमत्कृत दृष्टि से हमारी ओर देख रहा है।

शुक्रवार को एयरपोर्ट पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में शेखावत ने कहा कि भारत को जानने, नए सिरे से पहचानने, भारत के प्रति आकांक्षा और कौतूहल का भाव पूरे विश्व भर में बढ़ा है। जो आने वाले समय में पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या को परिलक्षित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था और सरकार के विभिन्न प्रयासों के चलते लोग गरीबी रेखा से बाहर निकाल कर मध्यम वर्ग की श्रृंखला में आए हैं। ऐसे लोग जब अपने घर से बाहर निकालकर देश को जानने के लिए धार्मिक स्थलों और अन्य पर्यटन स्थलों पर जिस दृष्टिकोण से जा रहे हैं, जिस गति के साथ जा रहे हैं, उससे बड़ी उछाल पर्यटकों की संख्या में दिखाई दी है।

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत ने कहा कि मैं पूरी जिम्मेदारी से कह सकता हूं कि आने वाले समय में पर्यटकों की संख्या की गति और बढ़ेगी। इसी के चलते हुए भारत सरकार ने मौजूदा पर्यटन स्थलों के साथ वैकल्पिक पर्यटन विकास पर जोर दिया है। पर्यटकों का दबाव करने के लिए हम और नए पर्यटक स्थल विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल में हमने 3300 करोड़ रुपए की परियोजना स्वीकृत की हैं। हम राज्यों के साथ मिलकर इस दिशा में और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। शेखावत ने कहा कि पर्यटकों के दबाव के चलते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर पर जिस तरह से दबाव बनता है, उसको लेकर भी प्रयास जारी हैं।

चोरों ने दो घर में सैंध लगाकर उड़ाए लाखों के जेवर नगदी

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट में चोरों ने सर्दी का फायदा उठाकर दो सूने मकानों में सैंध लगाकर लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं एक अन्य मकान में परिवार की मौजूदगी में चोरी कर गए। संबंधित थानों में चोरी के प्रकरण अब दर्ज कराए गए है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 21 निवासी रेखा पत्नी नारायण दास सिंधी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 6 दिसम्बर को अपने किसी काम से मुंबई गई थी। 19 दिसम्बर को पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे है। तब वह 21 दिसम्बर को जोधपुर आई और पता लगा कि अज्ञात चोरों ने उसके घर के ताले तोडक़र वहां से सोने चांदी के आभूषण और नगदी ले गए है।

चोर उसके घर से सोने की चेन, कानों के झूमकें, सोने का सिक्का, पेडेण्ट, डायमंड की अंगूठी, चांदी की तीन पायल जोड़ी, दस सिक्कें, 3 कटोरी, 5 गिलासें, 3 कड़े और 40 हजार की नगदी चुरा गए है। मामले को लेकर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस अब जांच कर रही है।

इसी तरह कुड़ी भगतासनी सेक्टर 8 जे.39 निवासी रामप्रसाद पुत्र जमनालाल ने रिपोर्ट दी कि वह रिश्तेदारी में निधन होने पर गांव टोंकदूनी गया था। उसका घर 31 दिसम्बर की रात को सूना था। वापिस लौटने पर ताले टूटे मिले। अज्ञात चोरों ने घर में जंगला हटाकर प्रवेश किया और वहां से 5 तोला सोने के आभूषण, 3 किलो चांदी और 16 हजार की नगदी चुरा ले गए। मामला कु ड़ी भगतासनी थाने में दर्ज कराया गया है।

वहीं विवेक विहार थाने में मेघवालों की ढाणी नंदवान निवासी श्रवणराम पुत्र देवाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि 1 जनवरी की रात को परिवार के लोग घर पर ही थे और सो रहे थे। तब अज्ञात चोर घर में घुसे और वहां से सोने का बोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

गुलाब का फूल देकर यातायात नियम बताए

जालोर, (कासं)। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह ○ के तहत जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट के सामने बिना हेलमेट चलने वाले दुपहिया वाहनों व बिना शीट बेल्ट चौपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर समझााईश की।

भार वाहनों, ट्रेक्टर ट्रोली व टैंकर इत्यादि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जाकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश व जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय आदि मौजूद रहे।

सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्प अर्पित

जालोर, (कासं)। हिंदू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सावित्रीबाई फुले जयंती पर उनकी तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यकम का आयोजन सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय छात्रावास जालोर में किया गया।

संस्थान नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बाघेडयिा ने बताया कि मां सावित्रीबाई फुले जयंती पर संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी के अध्यक्षता में पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के नाते दिनेश महावर योगेश दवे मयंक देवडा छात्रावास से मनीषा उपस्थित थे। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने बताया कि आज का दिन एक विशेष दिन हे आज ही के दिन मां सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था। साल 1848 में शुरू हुए इस स्कूल में सिर्फ नौ छात्राएं थीं। दिनेश महावर ने कहा कि मां सावित्रीबाई फुले ने छुआ-छूत, अस्पृश्यता, और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के खलिाफ आवाज उठाई। योगेश दवे ने बताया कि सावित्रीबाई ने रूढविादिता को अस्वीकार किया था।

अमृता हॉट में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की 80 स्टॉल्स लगाई

पाली, (नि.सं.)। 2 से 8 जनवरी 2025 तक आयोजित हो रहे अमृता हाट, पाली में दूसरे दिन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए हाट में राज्य के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादो की 80 स्टॉल्स लगाई गई है।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भगीरथ चौधरी ने बताया कि जिले भर से काफी संख्या में लोग पहुंचे व जमकर खरीददारी की। अमृता हाट मेले में प्रथम दिन विभिन्न स्टालो से लगभग एक लाख रुपये की खरीददारी हुई। मेले के दूसरे दिन प्रथम दिन की अपेक्षा अधिक खरीददारी हुई व मेले में चहल पहल रही। दूसरे दिन 2 लाख 56 हजार रुपए की खरीददारी हुई। पुलिस विभाग द्वारा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के माध्यम से संगीता, विनोद कवर, रेखा व पदम कवर एवं राजश्री चौहान जेंडर स्पेशलिस्ट ने आज मेले में आई हुई ब्लॉक पाली, सोजत एवं जेतारण की साथीनो को महिला सुरक्षा व आपातकालीन सेवाओं हेतु राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाकर बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के क्रम में आज मेलार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजित किया गया एवं कल 4 जनवरी को मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मेले में मंच संचालन मांगीलाल तंवर विधिक विभाग द्वारा किया जा रहा हैं।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भगीरथ चौधरी ने पाली के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे हाट आयोजन की अवधि के दौरान मेले में पधारकर महिलाओं को प्रेरित करावै तथा उनके द्वारा प्रदर्षित उत्पादों का क्रय कर उनका मनोबल व उत्साह बढाएँ।

विहिप की बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर उपखंड विश्व हिंदू परिषद मलावा ग्राम की बैठक गुरुवार की रात को जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा,प्रखंड मंत्री विनोद सेन,जिला सुरक्षा प्रमुख बाबूराम चौधरी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए रमेश चौधरी को ग्राम सह सुरक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी देते हुए संगठन के कार्य को गति दी, साथ ही आगामी 22 जनवरी को विराट त्रिशूल दीक्षा को लेकर ग्राम से कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा दिलाने का लक्ष्य दिया गया। जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की रीति नीति और कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए संघर्ष,आंदोलन एवं उनमें हासिल की गई उपलब्धियां के बारे में बताया हिंदू समाज को मजबूत करने, हिंदू जीवन दर्शन,आध्यात्म की रक्षा, संवर्द्धन,धर्म संस्कृति, संत, गाय, गीता की रक्षा कर छुआछूत मुक्त संगठित हिंदू समाज के द्वारा पूरे विश्व में भारत माता की जय जयकार करवाने हेतु विश्व हिंदू परिषद की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन 1964 में हुई। बजरंग दल की स्थापना 1 अक्टूबर 1984 में हुई।देश,धर्म और संस्कृति की रक्षा को लेकर त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम पूरे देश भर करवाया जाता है।

बतााया कि त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम रेवदर में 22 जनवरी को होगा।